रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९/२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 09/08/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** एक लेंस किसी प्रतिबिंब को बिंब से तीन गुना बड़ा बनाता है। यदि प्रतिबिंब सीधा है, तो आवर्धन क्या होगा?

**Ans** A). + 0.33 B). -0.33 C). -3 D). + 3

**Correct Answer: D**

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, सीधे धारावाही चालक पर दक्षिण हस्त अंगुष्ठ नियम के अनुप्रयोग का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

**Ans** A). उंगुलियां धारा की दिशा को इंगित करती हैं, मुड़ा हुआ अंगुष्ठ चुंबकीय क्षेत्र की दिशा को इंगित करता है

B). अंगुष्ठ चुंबकीय क्षेत्र की दिशा को इंगित करता है, मुड़ी हुई उंगुलियां धारा की दिशा को इंगित करती हैं

C). धारा के लिए वाम हस्त का उपयोग किया जाता है, चुंबकीय क्षेत्र के लिए दक्षिण हस्त का उपयोग किया जाता है

D). अंगुष्ठ धारा की दिशा को इंगित करता है, मुड़ी हुई उंगुलियां चुंबकीय क्षेत्र की दिशा को इंगित करती हैं

**Correct Answer: D**

**Q.3** यदि किसी ध्वनि तरंग की तरंगदैर्ध्य 0.5 m है और वह 250 m/s की चाल से गमन करती है, तो इसकी आवृत्ति कितनी होगी?

**Ans** A). 125 Hz B). 250 Hz C). 500 Hz D). 1000 Hz

**Correct Answer: C**

**Q.4** यदि दो वस्तुओं का वेग समान हो, तो किस वस्तु की गतिज ऊर्जा अधिक होगी?

**Ans** A). भिन्न आकृति वाली B). अधिक द्रव्यमान वाली C). हल्के रंग वाली D). बड़े आकार वाली

**Correct Answer: B**

**Q.5** निम्नलिखित में से किसे, साधारण निस्यंदन द्वारा पृथक नहीं किया जा सकता है?

**Ans** A). निलंबन B). कोलॉइडी विलयन C). रेत और जल का मिश्रण D). वास्तविक विलयन

**Correct Answer: D**

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम, प्रकृति में जल के संचलन को सही रूप से निरूपित करता है?

**Ans** A). वर्षण → अपवाह → वाष्पन B). संघनन → वर्षण → वाष्पन C). वाष्पन → संघनन → वर्षण D). वाष्पन → वर्षण → संघनन

**Correct Answer: C**

**Q.7** एक आलू चिप्स के पैकेट को सील करने से पूर्व नाइट्रोजन गैस से भरा जाता है। पैकेट में नाइट्रोजन का उपयोग करने का मुख्य कारण क्या होता है?

**Ans** A). नाइट्रोजन, तेल के साथ अभिक्रिया करके उसका स्थिरीकरण करता है B). नाइट्रोजन, चिप्स से नमी को हटा देता है

C). नाइट्रोजन, तेल और वसा के ऑक्सीकरण को रोकता है D). नाइट्रोजन, चिप्स के कुरकुरेपन को बढ़ा देता है

**Correct Answer: C**

**Q.8** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस तथ्य का सटीक वर्णन करता है कि संतृप्त हाइड्रोकार्बन नीली लौ के साथ क्यों जलते हैं, जबकि असंतृप्त हाइड्रोकार्बन पीली, कालिख जैसी लौ के साथ जलते हैं?**

**Ans** A). असंतृप्त हाइड्रोकार्बन में अधिक ऑक्सीजन होती है, जिसके कारण उनका अपूर्ण दहन होता है।

B). संतृप्त हाइड्रोकार्बन में दुर्बल आबंध होते हैं, इसलिए वे अधिक पूर्ण रूप से जलते हैं।

C). संतृप्त हाइड्रोकार्बन वायु में उपस्थित नाइट्रोजन के साथ अभिक्रिया करके कालिख बनने से रोकते हैं।

D). असंतृप्त हाइड्रोकार्बन में कार्बन-हाइड्रोजन अनुपात अधिक होता है, जिसके कारण अपूर्ण दहन और कालिख का निर्माण होता है।

**Correct Answer: D**

---

**Q.9** **पादपप्लवक जैसे समुद्री जीव __________ की प्रक्रिया के लिए महासागरीय जल में घुलित $CO_2$ का उपयोग करते हैं।**

**Ans** A). अपघटन B). श्वसन C). प्रकाश संश्लेषण D). दहन

**Correct Answer: C**

---

**Q.10** **निम्नलिखित में से कौन-सा, द्विपरमाणुक अणु के रूप में विद्यमान नहीं है?**

**Ans** A). नाइट्रोजन B). सल्फर C). हाइड्रोजन D). क्लोरीन

**Correct Answer: B**

---

**Q.11** **प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार के लवण सामान्यतः __________ होते हैं।**

**Ans** A). क्षारीय B). उभयधर्मी C). उदासीन D). अम्लीय

**Correct Answer: C**

---

**Q.12** **निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति, धातुओं के संक्षारण को सबसे अधिक त्वरित करती है?**

**Ans** A). शुद्ध जल और सूर्य का प्रकाश B). आर्द्र वायु और लवणों या अम्लों की उपस्थिति C). शुष्क वायु और निम्न तापमान D). निर्वात और अंधकार

**Correct Answer: B**

---

**Q.13** **गति के संदर्भ में रैखिक वेग किस राशि का वर्णन करता है?**

**Ans** A). सरल पथ के अनुदिश स्थिति परिवर्तन की दर B). केवल गति की दिशा C). अनुप्रयुक्त बल की मात्रा D). सभी दिशाओं में तय की गई कुल दूरी

**Correct Answer: A**

---

**Q.14** **एक विद्यार्थी को बेरियम नाइट्रेट ($Ba(NO_3)_2$) के सूत्र इकाई द्रव्यमान की गणना करने के लिए कहा जाता है। विद्यार्थी का पहला कदम क्या होना चाहिए?**

**Ans** A). केवल बेरियम का परमाणु द्रव्यमान ज्ञात करना B). बेरियम का परमाणु क्रमांक ज्ञात करना C). केवल नाइट्रेट का आण्विक द्रव्यमान ज्ञात करना

D). सूत्र में तत्वों को ज्ञात करना

**Correct Answer: D**

---

**Q.15** **एक हीटर 220 V और 1000 W पर रेटेड है। यदि इसे 110 V आपूर्ति से जोड़ा जाता है, तो हीटर द्वारा खपत की गई शक्ति कितनी होगी?**

**Ans** A). 1000 W B). 200 W C). 250 W D). 500 W

**Correct Answer: C**

---

**Q.16** **प्रत्येक वृक्क में पास-पास स्थित निस्यंदन इकाइयों के क्या नाम हैं?**

**Ans** A). नलिका (Tubules) B). तंत्रिकाकोशिका (Neurons) C). केशिकागुच्छ (Glomerulus) D). वृक्काणु (Nephrons)

**Correct Answer: D**

---

**Q.17** **उपकला ऊतक (Epithelial tissue), _______ नामक एक रेशेदार बाह्यकोशिकीय परत द्वारा अंतर्निहित ऊतक (underlying tissue) से अलग होता है।**

**Ans** A). कोशिका भित्ति (Cell wall) B). आधार झिल्ली (Basement membrane) C). कोशिकाद्रव्य (Cytoplasm) D). कनेक्टिव मैट्रिक्स (Connective matrix)

**Correct Answer: B**

---

**Q.18** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, किसी सरल रेखा में गति करने वाली और अपने आरंभिक बिंदु पर लौटने वाली वस्तु के लिए पथ की लंबाई और विस्थापन के बीच के अंतर का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

**Ans** A). पथ की लंबाई या तो विस्थापन के बराबर या उससे अधिक होती है B). विस्थापन, पथ की लंबाई से अधिक होता है

C). पथ की लंबाई सदैव विस्थापन के बराबर होती है D). विस्थापन सदैव ऋणात्मक होता है

**Correct Answer: A**

**Q.19** सरल मशीनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1. भारी भार उठाने में सहायता करती हैं।
2. उस दूरी को बढ़ा सकती हैं जिस पर आयास कार्य करता है।
3. बल की दिशा बदल सकती हैं।
4. ऊर्जा संरक्षण के नियम का उल्लंघन करती हैं।

उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

Ans A). केवल 2 और 3 B). केवल 1, 2 और 3 C). केवल 1 और 4 D). 1, 2, 3 और 4

**Correct Answer: B**

---

**Q.20** जंतु कोशिकाओं में वायवीय श्वसन के लिए मुख्यत: कौन-सा कोशिकांग उत्तरदायी होता है?

Ans A). माइटोकॉन्ड्रिया B). अंतर्द्रव्यी जालिका C). केंद्रक D). राइबोसोम

**Correct Answer: A**

---

**Q.21** शरीर में रक्त शर्करा के स्तर को कौन-सा हार्मोन नियंत्रित करता है?

Ans A). वृद्धि हॉर्मोन B). इंसुलिन C). एड्रिनेलिन D). थायराइड हॉर्मोन

**Correct Answer: B**

---

**Q.22** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह वर्णित करता है कि केवल दृश्य संचलन, किसी पादप के जीवित होने का निर्धारण नही कर सकता है?

Ans A). पादप बिना किसी दृश्य वृद्धि या संचलन के भी जीवित रह सकते हैं। B). जीवित प्राणियों में सदैव दृश्य जीवित मौजूद होती है। C). जीवित रहने के लिए सभी सजीवों में दृश्य संचलन का होना आवश्यक है। D). केवल प्राणी ही बिना दृश्य संचलन के जीवित रह सकते हैं।

**Correct Answer: A**

---

**Q.23** एक उत्तल दर्पण की वक्रता त्रिज्या 50 cm है। प्रकाश की एक समांतर किरण-पुंज दर्पण पर पड़ती है। परावर्तित किरण-पुंज, ध्रुव से कितनी दूरी पर अपसारित होती हुई प्रतीत होती है?

Ans A). दर्पण के पीछे 10 cm B). दर्पण के पीछे 25 cm C). दर्पण के सामने 25 cm D). दर्पण के सामने 50 cm

**Correct Answer: B**

---

**Q.24** निम्नलिखित दो कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।
कथन I: क्षारीय पोटेशियम परमैंगनेट के साथ ऑक्सीकरण करने पर एथेनॉल से एथेनॉइक अम्ल प्राप्त होता है।
कथन II: एथेनॉल के ऑक्सीकरण में हाइड्रोजन परमाणुओं का निष्कासन होता है और ऑक्सीजन का योग शामिल होता है।
निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

Ans A). केवल कथन I सही है। B). दोनों कथन सही हैं, और कथन II, कथन I की व्याख्या करता है। C). दोनों कथन सही हैं, लेकिन कथन II, कथन I की व्याख्या नहीं करता है। D). केवल कथन II सही है।

**Correct Answer: B**

---

**Q.25** उपास्थि कोशिकाओं को ________ कहा जाता है।

Ans A). वसाकोशिका (Adipocyte) B). अस्थिअणु (Osteocyte) C). उपास्थिअणु (Chondrocyte) D). रेशकोरक (Fibroblast)

**Correct Answer: C**

---

**Q.26** निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।
2, 4, 4, 6, 7, 8, 4, 6, 7, 4, 4, 5, 6

Ans A). 7 B). 2 C). 4 D). 6

**Correct Answer: C**

---

**Q.27** एक चुनाव में, उम्मीदवार A को कुल मतों में से 60% मत प्राप्त हुए जबकि उम्मीदवार B को शेष मत प्राप्त हुए। यदि कुल मत 5,000 थे, तो उम्मीदवार B को कितने मत प्राप्त हुए?

Ans A). 1,500 B). 3,000 C). 2,000 D). 2,400

**Correct Answer: C**

---

**Q.28** दो संख्याएँ 4:7 के अनुपात में हैं। यदि बड़ी संख्या में 10 की कमी कर दी जाती है और छोटी संख्या में 10 की वृद्धि कर दी जाती है, तो संख्याएं बराबर हो जाती हैं। मूल बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). $48\frac{3}{5}$ B). $42\frac{1}{3}$ C). $46\frac{2}{3}$ D). $44\frac{2}{5}$

**Correct Answer: C**

---

**Q.29** यदि किसी शहर की जनसंख्या 42,500 है और यह वार्षिक रूप से 2% की चक्रवृद्धि दर से बढ़ती है, तो 2 वर्ष बाद जनसंख्या कितनी होगी?

Ans A). 44,217 B). 40,400 C). 41,616 D). 40,800

**Correct Answer: A**

Q.30 एक व्यक्ति P से Q तक v km/h की चाल से यात्रा करता है और (v + 10) km/h की चाल से वापस आता है। यदि पूरी यात्रा में कुल समय 9 घंटे लगता है तथा P और Q के बीच की दूरी 200 km है, तो v का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 45 km/h B). 30 km/h C). 40 km/h D). 35 km/h

Correct Answer: C

Q.31 रमन की आय ₹12,000 है। वह अपनी आय का 27% बचत करता है। यदि उसकी आय में 20% की वृद्धि होती है तथा व्यय में 15% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ______ होगी।

Ans A). ₹1,085 की कमी B). ₹1,089 की कमी C). ₹1,088 की वृद्धि D). ₹1,086 की वृद्धि

Correct Answer: D

Q.32 एक घन का आयतन, एक घनाभ के आयतन के बराबर है जिसकी लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई का अनुपात 9:5:2 है। यदि घन का आयतन 11,250 $cm^3$ है, तो घनाभ का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 3520 $cm^2$ B). 3650 $cm^2$ C). 3430 $cm^2$ D). 3780 $cm^2$

Correct Answer: B

Q.33 चार दुकानों I, II, III और IV पर एक कुकर का अंकित मूल्य समान है। दुकान I द्वारा उस पर 23% और 92% की दो क्रमिक छूट, दुकान II द्वारा 88% और 47% की क्रमिक छूट, दुकान III द्वारा 11% और 28% की क्रमिक छूट तथा दुकान IV द्वारा 63%, 76% और 86% की क्रमिक छूट दी जाती है। कौन-सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

Ans A). III B). I C). IV D). II

Correct Answer: C

Q.34 अरविंद ने एक वस्तु ₹x में खरीदी। उसने इसे बिरू को 30% की हानि पर बेच दिया। बिरू ने इसके परिवहन पर ₹130 खर्च किए और इसे मीनू को 50% के लाभ पर बेच दिया। यदि मीनू ने इसे ₹1,287 में खरीदा, तो x का मान कितना है?

Ans A). 1,072 B). 1,044 C). 1,022 D). 1,040

Correct Answer: D

Q.35 उधार ली गई ₹500 की धनराशि पर 16% वार्षिक ब्याज की दर से 3.5 वर्षों के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 330 B). 380 C). 280 D). 260

Correct Answer: C

Q.36 वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 97306 में जोड़ने पर वह 6 से विभाज्य हो जाए।

Ans A). 2 B). 1 C). 3 D). 0

Correct Answer: A

Q.37 रोहित, पल्लवी और सिमरन एक वस्त्र व्यवसाय में ₹56,800, ₹36,200 और ₹48,600 का निवेश करते हैं। यदि वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹5,60,028 है, तो लाभ में रोहित का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹2,24,800 B). ₹2,24,500 C). ₹2,18,644 D). ₹2,24,644

Correct Answer: D

Q.38 दो प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 1421 है। उनका HCF, 7 है। संख्याओं के LCM और HCF का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans A). 29:1 B). 23:7 C). 29:7 D). 27:1

Correct Answer: A

Q.39 A और B मिलकर एक कार्य को 2 दिनों में पूरा कर सकते हैं। यदि 1 दिन A काम करता है और 4 दिन B काम करता है, तो कार्य पूरा हो जाता है। B द्वारा अकेले उस कार्य को पूरा करने में कितना समय लगेगा?

Ans A). 8 दिन B). 6 दिन C). 10 दिन D). 4 दिन

Correct Answer: B

Q.40 एक निश्चित राशि 15% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 2 वर्षों में ₹31,944 हो जाती है, जहाँ ब्याज प्रत्येक 8 महीने में संयोजित होता है। यदि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित हो, तो समान राशि पर समान दर से और समान अवधि के लिए देय राशि (₹ में) कितनी होगी?

Ans A). 33,001 B). 32,113 C). 31,740 D). 32,510

Correct Answer: C

Q.41 यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 54 है, तो (6x + 9y) का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 2 | 18 | x | 6 | y | 70 |

Ans A). 309 B). 313 C). 311 D). 301


Correct Answer: A

Q.42 8-अंकीय संख्या 378A6070 में A का वह मान ज्ञात कीजिए जिससे यह 18 से विभाज्य हो जाए।

Ans A). 5 B). 3 C). 6 D). 8

Correct Answer: A

Q.43 दिए गए पाई चार्ट वर्ष 2021 और 2022 में गांव A, B, C और D की जनसंख्या (प्रतिशत में) दर्शाते है। वर्ष 2021 और 2022 में कुल जनसंख्या क्रमशः 2,80,000 और 2,75,000 है।




वर्ष 2021 में गांव B और C की कुल जनसंख्या और वर्ष 2022 में गांव C और D की कुल जनसंख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans A). 11:9 B). 27:23 C). 43:41 D). 56:55

Correct Answer: D

Q.44 यदि $\Delta ABC \sim \Delta PQR$ और $AB:PQ = 7:9$, तो $\Delta ABC$ के क्षेत्रफल और $\Delta PQR$ के क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans A). 49:27 B). 49:18 C). 49:81 D). 45:18

Correct Answer: C

Q.45 कौशल 24 km/h की चाल से 12 घंटे 55 मिनट की यात्रा करता है। उसी दूरी को 5 घंटे में तय करने के लिए उसे किस चाल (km/h में) से यात्रा करनी चाहिए?

Ans A). 65 B). 61 C). 60 D). 62

Correct Answer: D

Q.46 यदि $\sin A = \frac{3}{5}$ है, और A एक न्युन कोण है, तो $\cos A$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $1$ B). $\frac{4}{5}$ C). $\frac{2}{5}$ D). $\frac{1}{5}$

Correct Answer: B

Q.47 $(2x + 3y)(2x - 3y)$ को सरल कीजिए।

Ans A). $4x^2 - 6xy - 9y^2$ B). $4x^2 - 9y^2$ C). $4x^2 + 9y^2$ D). $4x^2 + 6xy - 9y^2$

Correct Answer: B

Q.48 एक कक्षा में 90 विद्यार्थियों की औसत आयु 21 वर्ष है। उनमें से 30 विद्यार्थियों की औसत आयु 23 वर्ष है और अन्य 30 विद्यार्थियों की औसत आयु 25 वर्ष है। शेष विद्यार्थियों की औसत आयु क्या है?

Ans A). 14 वर्ष B). 17 वर्ष C). 15 वर्ष D). 18 वर्ष

Correct Answer: C

Q.49 24 cm भुजा वाले एक ठोस घन से, 9 cm भुजा वाले वर्गाकार अनुप्रस्थ काट की एक घनाभीय गुहा को एक कोर से विपरीत कोर तक एक पृष्ठ के सापेक्ष खोखला किया जाता है। बचे हुए ठोस का आयतन ($cm^3$ में) कितना होगा?

Ans A). 13095 B). 11880 C). 12055 D). 8640

Correct Answer: B

Q.50 एक व्यक्ति समतल जमीन पर खड़ा होकर एक ऊर्ध्वाधर टावर के शीर्ष को देखता है, जिसका उन्नयन कोण 30° है। वह टावर की ओर सीधा चलता है और पाता है कि शीर्ष का उन्नयन कोण 60° हो जाता है। यदि टावर की ऊंचाई 45 m है, तो व्यक्ति द्वारा चली गई दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans A). 60 m B). $60\sqrt{3}$ m C). 30 m D). $30\sqrt{3}$ m

Correct Answer: D

Q.51 शब्द OLYMPICS के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले स्वर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले आने वाले चौथे अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बनने वाले सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनने वाले नए अक्षर-समूह में दाएं छोर से तीसरा अक्षर कौन-सा होगा?

Ans A). M B). Y C). U D). T

Correct Answer: C

**Q.52** एक निश्चित कूट भाषा में, 'space is less' को 'du vc kt' के रूप में और 'less than ten' को 'rg mq vc' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'less' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट कूवल दो-अक्षर वाले कूट हैं।)

**Ans** A). du B). kt C). vc D). rg

**Correct Answer: C**

**Q.53** उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चयों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

VYU−XAW
RUQ−TWS

**Ans** A). XZU−YBX B). XAW−ZCY C). XZU−ZCY D). XAW−YCX

**Correct Answer: B**

**Q.54** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) के रूप में क्रमांकित किया गया है। आपको यह ज्ञात करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन कीजिए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।
5 छड़ियों U, R, N, S और T में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, सबसे लंबी छड़ी कौन-सी है?
(I) N केवल एक छड़ी से लंबी है। S, R से छोटी है, लेकिन U से लंबी है।
(II) S, T से लंबी है।

**Ans** A). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

B). केवल कथन II का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।

C). कथन I और II दोनों एक साथ (और केवल कथन 1 या कथन II अकेले नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

D). केवल कथन I का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।

**Correct Answer: C**

**Q.55** एक निश्चित कूट भाषा में
'A + B' का अर्थ है कि A, B की पत्नी है,
'A – B' का अर्थ है कि A, B का पति है,
'A / B' का अर्थ है कि A, B की बहन है,
'A ! B' का अर्थ है कि A, B का भाई है,
'A × B' का अर्थ है कि A, B की माता है और
'A * B' का अर्थ है कि A, B का पिता है।

यदि 'A – C × P ! L * Q' है, तो C का L से क्या संबंध है?

**Ans** A). पुत्र B). पुत्री C). पिता D). माता

**Correct Answer: D**

**Q.56** छह व्यक्ति, C, D, E, O, P और Q, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
E के बाईं ओर कोई नहीं बैठा है। E और Q के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। O के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, O के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। P, O का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
P और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). दो B). एक C). एक भी नहीं D). तीन

**Correct Answer: B**

**Q.57** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). TL – NF B). WO – QI C). YQ – SK D). ME – HA

**Correct Answer: D**

**Q.58** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

49 65 97 145 209 ?

**Ans** A). 279 B). 294 C). 284 D). 289

**Correct Answer: D**

**Q.59** सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F, और G एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
B के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F, D के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। B और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, A के दाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। G, E के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। E, पंक्ति के किसी एक छोर पर बैठा है।
पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans** A). F B). A C). C D). D

**Correct Answer: B**

**Q.60** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). QK - UO B). ND - RH C). CL - GP D). AS - EX

**Correct Answer: D**

**Q.61** निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) H W % G # W @ W A % F & H + M ? & D # (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी अक्षर हटा दिए जाएं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, दाएं से सातवें स्थान पर होगा?

Ans A). $ B). @ C). + D). &

**Correct Answer: B**

---

**Q.62** शब्द BLARING के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, दाएं से तीसरे स्थान पर होगा?

Ans A). J B). K C). F D). M

**Correct Answer: D**

---

**Q.63** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

207 D 14 B 6 C 105 A 5 = ?

Ans A). 183 B). 168 C). 165 D). 144

**Correct Answer: D**

---

**Q.64** गौरव बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 22 km चलता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 11 km चलता है, फिर वह दाएँ मुड़कर 25 km चलता है। इसके बाद वह दाएँ मुड़कर 17 km चलता है। अंत में वह फिर से दाएँ मुड़कर 3 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans A). 5 km, पूर्व दिशा में B). 5 km, पश्चिम दिशा में C). 6 km, पश्चिम दिशा में D). 6 km, पूर्व दिशा में

**Correct Answer: D**

---

**Q.65** A, D, F, G, H और S एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। S किसी सम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन 6 पर नहीं रहता है। A और S जिन तलों पर रहते हैं, उन तलों के क्रमांकों का योग 9 है। S और H जिन तलों पर रहते हैं, उन तलों के क्रमांकों का योग 5 है। D, F के ठीक नीचे रहता है। D और F जिन तलों पर रहते हैं, उन तलों के क्रमांकों का योग कितना है?

Ans A). 5 B). 6 C). 7 D). 4

**Correct Answer: A**

---

**Q.66** निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं)

(बाएँ) 8 @ 4 # ! + 3 & # 9 % & # 4 7 ! 9 # 3 $ 6 + @ 1 (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाईं ओर से सातवां होगा?

Ans A). 3 B). 6 C). 9 D). 1

**Correct Answer: C**

---

**Q.67** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले उसी सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। R की परीक्षा गुरुवार के बाद किसी एक दिन है, लेकिन शनिवार को नहीं है। R और Q के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। V की परीक्षा, Q से ठीक पहले है। V से पहले जितने व्यक्तियों की परीक्षा है, U के बाद भी उतने ही व्यक्तियों की परीक्षा है। P की परीक्षा, T से ठीक पहले है। T और S के बीच दो से अधिक व्यक्तियों की परीक्षा है। मंगलवार को किसकी परीक्षा है?

Ans A). P B). Q C). T D). V

**Correct Answer: C**

---

**Q.68** उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

QSR–VXW
PRQ–UWV

Ans A). BCA–GIH B). BCA–FHG C). BDC–GIH D). BDC–FIG

**Correct Answer: C**

---

**Q.69** N, O की माता है। O, P की पत्नी है। P, Q का भाई है। N का Q से क्या संबंध है?

Ans A). भाई की पत्नी B). पत्नी की माता C). बहन के पति की माता D). भाई की पत्नी की माता

**Correct Answer: D**

---

**Q.70** अमन अपनी कक्षा में शीर्ष से 46वें और नीचे से 70वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans A). 116 B). 114 C). 113 D). 115

**Correct Answer: D**

Q.71 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

HLK JNM LPO NRQ ?

Ans A). PUR B). PQS C). PSR D). PTS

Correct Answer: D

Q.72 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : IKN :: OQT : %

Ans A). # = CEH , % = UDR B). # = CEH , % = UWZ C). # = CEH , % = UGT D). # = CEH , % = UMK

Correct Answer: B

Q.73 निम्न अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) O E O D J G R E Y Z N A L F V G I X O E X B (दाएँ)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक स्वर है?

Ans A). 5 B). 3 C). 4 D). 2

Correct Answer: B

Q.74 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक संख्याओं के समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
14 - 182 - 728 ;
17 - 221 - 884

Ans A). 11 - 143 - 578 B). 15 - 195 - 780 C). 13 - 169 - 667 D). 20 - 260 - 980

Correct Answer: B

Q.75 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। उसी प्रकार से, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, उसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए प्रश्न में प्रयुक्त समान संक्रिया-समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट - एक दो/तीन अंकीय संख्या को संक्रिया के लिए उनके घटक अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती है क्योंकि दो अंकीय संख्या को घटक अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
6 – 10 – 17 – 25 ; 8 – 12 – 21 – 29

Ans A). 10 – 14 – 25 – 33 B). 7 – 11 – 19 – 11 C). 9 – 13 – 29 – 37 D). 13 – 9 – 15 – 23

Correct Answer: A

Q.76 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

2 ÷ 1 + 6 × 3 − 2 = ?

Ans A). 8 B). 4 C). 2 D). 6

Correct Answer: C

Q.77 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) VOW GAP CUT BID (दाएं)

दाएं से दूसरे शब्द के पहले अक्षर और बाएं से पहले शब्द के दूसरे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार कितने अक्षर हैं?

Ans A). 12 B). 14 C). 11 D). 10

Correct Answer: C

Q.78 एक निश्चित कूट भाषा में, 'POTS' को '7462' के रूप में और 'OILY' को '9536' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'O' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans A). 6 B). 9 C). 3 D). 4

Correct Answer: A

Q.79 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) ION APT ILK ASH (दाएं)

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया गया है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया गया है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans A). चार B). तीन C). एक D). दो

Correct Answer: B

Q.80 यदि + का अर्थ × है, – का अर्थ ÷ है, × का अर्थ + है और ÷ का अर्थ – है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

55 – 5 + 6 × 2 ÷ 4 = ?

Ans A). 70 B). 66 C). 64 D). 68

Correct Answer: C

Q.81 थाईलैंड और कंबोडिया द्वारा 26 अक्टूबर 2025 को 47वें ASEAN शिखर सम्मेलन के दौरान अपने सीमा संघर्ष को सुलझाने के लिए जिस शांति घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे, उसे सामान्यतः किस नाम से जाना जाता है?

Ans A). जकार्ता संधि B). बैंकॉक घोषणा C). कुआलालंपुर शांति समझौता D). नोम पेन्ह समझौता

Correct Answer: C

Q.82 भारत ने वनों, वन्यजीवों, जैव विविधता संरक्षण और जलवायु परिवर्तन में सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए फरवरी 2026 में किस देश के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए थे?

Ans A). भूटान B). श्रीलंका C). नेपाल D). बांग्लादेश

Correct Answer: C

Q.83 रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने 15 से 18 अप्रैल 2026 तक आयोजित प्रदर्शनी के दौरान किस शहर में अपनी उन्नत प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया?

Ans A). गया B). पटना C). भागलपुर D). मोतिहारी

Correct Answer: D

Q.84 2026 में आयोजित खेलो इंडिया विंटर गेम्स (Khelo India Winter Games) का छठा संस्करण भारत के किस केंद्र शासित प्रदेश में आयोजित किया गया था?

Ans A). लद्दाख B). लक्षद्वीप C). पुडुचेरी D). चंडीगढ़

Correct Answer: A

Q.85 फरवरी 2026 में भारत के खेल इकोसिस्टम को सशक्त करने के लिए, भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2026–27 के माध्यम से किस दीर्घकालिक खेल विकास ढांचे को लॉन्च किया?

Ans A). खेलो इंडिया मिशन ढांचा B). फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम C). ओलंपिक विजन कार्यक्रम D). TOPS डेवलपमेंट पहल

Correct Answer: A

Q.86 डिजिटल गवर्नेंस और अनुदान प्रबंधन में पारदर्शिता को सुदृढ़ करने के लिए, आयुष मंत्रालय द्वारा मई 2026 में किस पहल के अंतर्गत आयुष अनुदान पोर्टल लॉन्च किया गया था?

Ans A). राष्ट्रीय आयुष नेटवर्क पहल B). डिजिटल आयुष मिशन C). आयुष ग्रिड पहल D). आयुष गवर्नेंस कार्यक्रम

Correct Answer: C

Q.87 निम्नलिखित में से किस राज्य सरकार ने अपने 2026-27 के बजट में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है?

Ans A). केरल B). कर्नाटक C). गुजरात D). मध्य प्रदेश

Correct Answer: B

Q.88 वर्ष 2026 के विधानसभा चुनावों के पश्चात् पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में किस नेता को पद की शपथ दिलाई गई थी?

Ans A). अभिषेक बनर्जी B). मुकुल रॉय C). दिलीप घोष D). शुभेंदु अधिकारी

Correct Answer: D

Q.89 केंद्रीय बजट 2026–27 ने CCUS को समर्थन प्रदान करने के लिए पांच वर्षों में ₹20,000 करोड़ आवंटित किए गए। CCUS में "S" अक्षर का क्या अर्थ है?

Ans A). Supply (सप्लाई) B). Sustainability (सस्टेनेबिलिटी) C). Storage (स्टोरेज) D). Security (सिक्योरिटी)

Correct Answer: C

**Q.90** इनमें से कौन-सा तकनीकी मॉड्यूल 'थर्ड-जेनरेशन फायर-एंड-फॉरगेट मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' (MPATGM),जिसका जनवरी 2026 में सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया गया था, को दिन और रात दोनों समय लक्ष्यों को सटीक रूप से ट्रैक करने में सक्षम बनाता है?

Ans A). मैग्नेटिक फ्लक्स कम्पास एलाइनर (Magnetic Flux Compass Aligner) B). इमेजिंग इन्फ्रारेड होमिंग सीकर (Imaging Infrared Homing Seeker) C). डॉप्लर लेजर रेंजिंग ट्रांसिवर (Doppler Laser Ranging Transceiver) D). बैरोमेट्रिक प्लाज्मा प्रेशर सेंसर (Barometric Plasma Pressure Sensor)

Correct Answer: B

**Q.91** मई 2026 में नागरिक अलंकरण समारोह में, भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से मरणोपरांत किसे सम्मानित किया गया था?

Ans A). धर्मेन्द्र सिंह देओल B). डॉ. एन. राजम C). उदय कोटक D). पीयूष पांडे

Correct Answer: A

**Q.92** NEET-UG 2026 विवाद और उसके बाद केंद्र द्वारा की गई मुख्य नियुक्तियों के कारण कौन-सा राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड चर्चा में था?

Ans A). विश्वविद्यालय अनुदान आयोग B). राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी C). संघ लोक सेवा आयोग D). राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग

Correct Answer: B

**Q.93** किस देश ने मई 2026 में, BWF वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी करके 24 वर्षों में ऐसा करने वाला प्रथम अफ्रीकी राष्ट्र बनकर इतिहास रचा?

Ans A). मोरक्को B). मिस्र C). केन्या D). दक्षिण अफ्रीका

Correct Answer: B

**Q.94** मिशन शक्ति स्कीम (मार्च 2026 अद्यतन) के अंतर्गत, महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने के लिए किस प्रकार का उपागम अपनाया गया है?

Ans A). केवल-प्रौद्योगिकी उपागम (Technology-only approach) B). समग्रतात्मक और पीड़ित-केंद्रित उपागम (Holistic and victim-centric approach) C). उद्योग-केंद्रित उपागम (Industry-centric approach) D). बाजार-संचालित उपागम (Market-driven approach)

Correct Answer: B

**Q.95** 2026 में नई दिल्ली में आयोजित किस राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान "उत्तरकाशी: सौम्य काशी: द सोल ऑफ़ हिमालयन हेरिटेज (Uttarkashi: Saumya Kashi: The Soul of Himalayan Heritage)" पुस्तक के साथ दो अन्य प्रकाशनों का विमोचन किया गया?

Ans A). राष्ट्रीय युवा दिवस (National Youth Day) B). विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस (World Book and Copyright Day) C). विश्व विरासत दिवस (World Heritage Day) D). राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस (National Panchayati Raj Day)

Correct Answer: D

**Q.96** ज़िम्बाब्वे के हरारे में इंग्लैंड के विरुद्ध ICC U-19 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल जीतने के बाद भारत ने कौन-सा ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया?

Ans A). पहला U-19 वर्ल्ड कप खिताब B). पांचवां U-19 वर्ल्ड कप खिताब C). तीसरा U-19 वर्ल्ड कप खिताब D). छठा U-19 वर्ल्ड कप खिताब

Correct Answer: D

**Q.97** मार्च 2026 में, किस वास्तुकार को 'प्रित्जकर वास्तुकला पुरस्कार' प्राप्त हुआ?

Ans A). स्मिलजान रेडिक क्लार्क (Smiljan Radić Clarke) B). ऐनी लैकाटन (Anne Lacaton) C). फ्रांसिस केरे (Francis Kéré) D). डेविड चिपरफील्ड (David Chipperfield)

Correct Answer: A

**Q.98** निम्नलिखित में से किस संगठन ने एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के सहयोग से दिसंबर 2025 में नियंत्रित वेग पर फाइटर एयरक्राफ्ट एस्केप सिस्टम का हाई-स्पीड रॉकेट-स्लेड टेस्ट सफलतापूर्वक संचालित किया था?

Ans A). उन्नत प्रौद्योगिकी रक्षा संस्थान (Defence Institute of Advanced Technology) B). टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स (Tata Advanced Systems) C). रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (Defence Research and Development Organisation) D). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation)

Correct Answer: C

**Q.99** भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, 1 अप्रैल 2026 से सभी डिजिटल भुगतानों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सुरक्षा तंत्र अनिवार्य किया गया था?

Ans A). केवल QR कोड वेरिफिकेशन B). केवल OTP वेरिफिकेशन C). टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन D). सिंगल-फैक्टर पासवर्ड ऑथेंटिकेशन

Correct Answer: C

**Q.100** संयुक्त राष्ट्र में विश्व जल दिवस 2026 पर, भारत ने पाकिस्तान के साथ किस दीर्घकालिक जल-साझाकरण समझौते को निलंबित करने के संबंध में अपनी स्थिति को दोहराया?

Ans A). तीस्ता नदी समझौता B). महाकाली संधि C). सिंधु जल संधि D). गंगा जल संधि

Correct Answer: C

"